दिनांक : 23.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

समाचार

पीएम-अमरीका सीईओ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह न्यूयॉर्क में अमरीका की अग्रणी प्रौद्योगिकी कम्पनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी की सदी है और प्रत्येक क्षेत्र प्रौद्योगिकी से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और लोकतंत्र के बीच संतुलन समय की मांग है। श्री मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रौद्योगिकी का तालमेल मानव कल्याण की एक गारंटी है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बगैर लोकतंत्र संकट का वातावरण सृजित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रतिभा, लोकतंत्र और बाजार का एक देश है, यह एक दुर्लभ स्थिति है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढावा देने की पहल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा भारत में विश्वास दिखाने पर उन्हें अच्छी अनुभूति हो रही है। श्री मोदी ने कार्यकारी अधिकारियों से अपने विचार साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे नई नीति बनाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर गोलमेज बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, नवाचार और अन्य क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों पर गोलमेज चर्चा काफी उपयोगी रही। श्री मोदी ने इस क्षेत्र में भारत के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत में प्रचुर आशावाद को देखकर उन्हें काफी प्रसन्नता हो रही है।

आयुष्मान योजना वर्षगांठ

आयुष्मान योजना ने आज 6 साल पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे लागू करने और क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने इसे संजीवनी के समान बताते हुए कहा कि अब 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग भी इसका लाभ ले सकेंगे। इन 6 वर्षों में देश के गरीब नागरिकों को बड़ी व गंभीर बीमारियों से उबरने और निरोग रहने की जो शक्ति मिली है।

*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार हुआ है। आयुष्मान भारत योजना से नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला है। नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के क्रम में यह योजना मील का पत्थर साबित हुई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के प्रयास से आज प्रदेश के 4 करोड़ से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। 20 लाख से अधिक नागरिक योजनांतर्गत लाभान्वित हो चुके हैं। उप मुख्यमन्त्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना में सभी वर्ग के 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में शामिल किया गया है। अब सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए प्रतिवर्ष तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के 55 करोड़ से अधिक नागरिक योजना अंतर्गत पंजीकृत हैं। अब 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिक इस योजना के दायरे में शामिल होंगे।*

आयुष्मान पखवाड़े

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत मूलभूत कड़ी है। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी

भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि आज आयुष्मान दिवस कार्यक्रम में आयुष्मान हितग्राहियों से संवाद, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान और आभा आईडी निर्माण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में 20 से 30 सितंबर 2024 तक 'आयुष्मान पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के लाभ के प्रति जागरूकता पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनवाने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष फोकस किया जायेगा। आयुष्मान पखवाड़ा में पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न गतिविधियां भी होंगी। 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के तहत घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा। पंचायतों और ग्राम सभाओं में सामुदायिक चर्चा और जागरूकता बैठकों का आयोजन होगा।

जनजातीय वैद्य

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार कल भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में "वाचिक परंपरा में प्रचलित हर्बल उपचार प्रणालियाँ: संरक्षण, संवर्धन और कार्य योजना" विषय पर आयोजित प्री-लोकमंथन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि आज के परिदृश्य में परंपरागत औषधियों को एक नयी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय वैद्यों के द्वारा स्वदेशी उपचार पद्धतियों के प्रत्यक्ष प्रमाण होने के बावजूद भी स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वसनीयता स्थापित करने की आवश्यकता

है। श्री परमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति भी पौधों एवं वृक्षों के आवश्यक एवं महत्वपूर्ण गुणों की जानकारी रखता है और प्रत्यक्ष प्रमाण होने के बावजूद भी उसे मान्यता नहीं मिल पाती है। इस अवसर पर मंत्री श्री परमार ने देश भर से आए सभी पारंपरिक चिकित्सकों एवं वैद्यों के स्टॉल का अवलोकन कर उनसे औषधियों के बारे मे जानकारी भी प्राप्त की। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पांच दिवसीय जनजातीय वैद्य शिविर चल रहा है, इसलिये दर्शकों के लिए संग्रहालय 23 एवं 24 सितंबर को भी खुला रहेगा।

मुख्य परीक्षा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 21 से 26 अक्टूबर के बीच होगी। आयोग ने परीक्षा की तारीखों में किसी भी बदलाव से इनकार किया है। 110 पदों के लिए यह परीक्षा सभी संभागीय मुख्यालयों पर होगी। लोक सेवा आयोग की वन सेवा मुख्य परीक्षा 6 अक्टूबर को होगी, जबकि माइनिंग इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 29 सितंबर को होने जा रही है। प्रारंभिक परीक्षा-2024 का परिणाम अगस्त में घोषित किया था। इसमें कुल 3328 उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए चयनित हुए थे।

-----------------